नेशनल कंपनी लॉ बोर्ड अपीलेट ट्राइब्यूनल ने लेंडर्स ट्राइब्यूनल में चली गई है कि लेंडर्स का रिवाइज्ड ₹49,264 करोड़ का क्लेम है।

रीड एंड टेलर पर फॉरेन फंड्स की नजर

[संगीता मेहता | मुंबई]

कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियां (एआरसी) और कुछ फॉरेन फंड्स ने रीड एंड टेलर को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। रीड एंड टेलर एक फैशन ब्रांड है जिसे कभी बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन एंडोर्स किया करते थे। लेंडर्स को उसके लिए सुधीर वालिया की कंपनी सुरक्षा एआरसी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (आर्सिल), इनवेस्ट एआरसी, कोटक महिंद्रा बैंक प्रमोटेड फीनिक्स एआरसी और सिंगापुर के एसएसजी कैपिटल की सपोर्टेड एकर एआरसी से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट मिला है। मामले के जानकार सूत्रों ने बताया कि एट कैपिटल और कार्लाइल जैसे फॉरेन फंड्स ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है।

रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल ने कहा था कि बैंकरप्ट कंपनी के वास्ते सिर्फ वही एंटिटीज बोली लगा सकेंगी जिनकी नेटवर्थ कम से कम ₹50 करोड़ और जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट ₹250 करोड़ होगा। एक सूत्र ने कहा, 'एप्लिकेंट्स को अगले महीने बाइंडिंग बिड देने के लिए कहा जाएगा।' कासलीवाल के ब्रांड रीड एंड टेलर को कई एंटिटीज का लोन चुकाने में नाकामयाब रहने के चलते नीलाम किया जा रहा है। फिनक्वेस्ट, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, IL&FS फाइनेंशियल सर्विसेज, IDBI बैंक और L&T फाइनेंस जैसे लेंडर्स ने कंपनी पर ₹4,106 करोड़ का क्लेम किया हुआ है।

रीड एंड टेलर में तीन एआरसी- आर्सिल, इडलवाइज एआरसी और जेएम फाइनेंशियल एआरसी ने भी दिलचस्पी दिखाई है। रीड एंड टेलर की पैरेंट कंपनी एस कुमार्स नेशनवाइड के खिलाफ भी लेंडर्स ने बैंकरप्सी प्रोसीडिंग्स शुरू की हुई है। एस कुमार्स नेशनवाइड के खिलाफ बैंकरप्सी प्रोसीडिंग्स IDBI बैंक ने शुरू कराई थी जबकि इडलवाइज एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ने रीड एंड टेलर को दिवालिया अदालत में घसीटा था। एस कुमार्स नेशनवाइड के प्रमोटर नितिन कासलीवाल को ज्यादातर लेंडर्स ने विलफुल डिफॉल्टर घोषित किया हुआ है।

- कई एंटिटीज का लोन चुकाने में फेल होने के चलते रीड एंड टेलर को नीलाम किया जा रहा है

SOLITAIRE PRICE INDEX

1st August, 2018 **4,051*** | 0.13%↑ Over last Month | 13.60%↑ Over last Year

Nationwide Standard & Transparent Pricing since 2006. Published on the 1st of every month.

DIVINE SOLITAIRES

*This is an average of Divine Solitaires Price List. This data has not been created by The Economic Times.

Call: 022-66264800 | www.divinesolitaires.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

भारत का नवरत्न महारत्न

नोटिस गैर लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम- तिमाहीः दिनांक 30.06.2018

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक मंडल की बैठक **शुक्रवार, 10 अगस्त, 2018** को आयोजित की जानी है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ **30 जून, 2018** को समाप्त तिमाही के गैर–लेखापरीक्षित परिणामों पर विचार किया जाएगा।

ट्रेडिंग विंडो **3 अगस्त, 2018 (शुक्रवार) से 12 अगस्त, 2018 (रविवार)** को पदनामित व्यक्तियों हेतु कंपनी की प्रतिभूतियों में संव्यवहार हेतु बंद रहेगी।

यह सूचना **www.gailonline.com** कंपनी की वेबसाइट और **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर देखी जा सकती है और गैर लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम बोर्ड के अनुमोदन के बाद देखा जा सकता है।

स्थानःनई दिल्ली — कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड

दिनांकः 01.08.2018 — हस्ता./-

ई-मेलः shareholders@gail.co.in — (ए. के. झा) कम्पनी सचिव

गेल (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066

[सीआईएनः L40200DL1984GOI018976]

फोनः 011-26182955, फैक्सः 011-26185941

सुरक्षा प्रथम — डिजिटल सोचें, डिजिटल बनें